खबर संक्षेप

## पूर्व शिक्षक रामकिशोर का मरणोपरांत कराया नेत्रदान



**सतना।** समाज सेवा में हमेशा ही अग्रणी रहने वाले 85 वर्षीय पूर्व शिक्षक का जबलपुर में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन का समाचार सुनते ही उचेहरा सहित अन्य क्षेत्र में रहने वाले उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। पार्थिव देह का अंतिम संस्कार शुक्रवार वार्ड 2 के दतिहा घाट में बनेमुक्ति धाम में किया गया परिवारजनों द्वारा पूर्व शिक्षक स्व.श्री ताम्रकार का नेत्रदान चित्रकूट से आए दो सदस्यीय टीम ने घर में कराया। पूर्व शिक्षक रामकिशोर ताम्रकार का व्यक्तित्व बेहद ही मिलनसार रहा अपने नाम के अलावा उनका एक उपनाम बाऊजी समाजिक मिलनसारिता के कारण पड़ गया। लोग उन्हें अक्सर बाबूजी के नाम से ही पुकारते थे। बाबूजी के परिवारजनों द्वारा मरणोपरांत नेत्रदान कराकर उनके लिए संकल्पों को पूरा किया। काबिलेगौर है कि इसके पूर्व भी उनके परिवार से एक और नेत्रदान हो चुका है। परिवार का यह दूसरा नेत्रदान है नेत्रदान करके वह सदा-सदा के लिए अमर हो गए।

## निःशुल्क आयुष मेगा कैम्प आयोजित, 393 मरीज लाभान्वित



**सतना।** मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग भोपाल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार पटेल के आदेश अनुसार आयुष मेगा शिविर का आयोजन एच डब्ल्यू सी अमदरी एवं शासकीय आयुष औषधालय पतौरा के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत भवन लोहरौरा में आयोजित किया गया। जिसमें डॉ.विनोद कुमार प्रजापति एवं डॉ.धीरज दाहिया के द्वारा 393 मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधि वितरण का लाभ दिया गया। इसके साथ ही निःशुल्क ब्लड शुगर,हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 से

**कटनी।** भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर 08 विधायें यथा लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेंकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसम्बर 2023 को इण्डोर हॉल माधवनगर में किया जावेगा। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला एवं संभाग स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन वर्चुअल किया जावेगा एवं संभाग स्तर पर चयनित दल को राज्य स्तर पर भौतिक रूप से अपनी प्रस्तुती देनी होगी।वर्चुअल आयोजन में प्रतिभागी अपने प्रदर्शन का भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार निर्धारित समय-सीमा का वीडियों बनाकर 26 दिसंबर 2023 शाम 05:00 बजे तक जिला कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है।

# गल्ला व्यापारी का अपहरण कर फिरौती माँगने वाली घटना का हुआ पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार











**गला व्यापारी के अपहरण के मामले में पुलिस की सक्रियता,सूझबूझ व कड़ी मेहनत के कारण घटना का खुलासा हुआ है। इस मामले में तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया है,इनपर उपपुलिस महानिरीक्षक द्वारा 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।**

मैहर।

घटना में प्रयुक्त कार एवं मोटर साइकिल जब्त की गई है।उपपुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन एंव पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मैहर निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में हमराही स्टाफ के साथ बड़ी कार्यवाही की गई।

### क्या है पूरा मामला

फरियादिया यशोदाबाई गुप्ता पति दद्दूलाल गुप्ता उम्र 61 वर्ष निवासी ग्राम भैसासुर थाना कोतवाली मैहर द्वारा रात करीब 10 बजे थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि चार अज्ञात व्यक्तियों ने मेरे घर आकर मेरे पति को गल्ला देने के नाम पर जबरजस्ती कार में बैठाकर अपहरण कर ले गये हैं। मैने इसकी सूचना प्रमोद पटेल को दी थी। मेरे पति का फोन नम्बर बन्द आ रहा था अपहरण करने वाले रुपये पैसे की माँग कर रहे थे। उक्त रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली मैहर में धारा 364 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना स्थल का निरीक्षण उपपुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन एंव पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा किया गया तथा आरोपियों के विरुद्ध इनाम उदघोषित किया गया था। घटना स्थल पर मैहर विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी पहुंचकर पीडित पक्ष से मुलाकात की थी। अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम का गठन करते हुये सर्चिंग कार्यवाही शुरू की गई एवं आसपास के लोगो से अज्ञात अपहरणकर्ताओं के संबंध में पूछताछ की गयी एवं सम्पूर्ण मैहर जिले में नाकाबंदी करते हुए वाहनों की सघन चेकिंग की गयी तथा जगह-जगह लगे सीसीटीवी कैमरों एवं टोल प्लाजा के कैमरों की फुटेज देखने हेतु जिले के सभी थाना के थाना प्रभारियों को अपनी टीम के साथ अलग-अलग रवाना किया गया।पुलिस की टीम लगातार अपहरणकर्ताओं के संबंध में बारीकी से जानकारी एकत्र करने लगी एवं आसपास के गाँव में सभी सफेद रंग की कारो एवं अपहृत युवक से मिलने वाले लोगों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर पूछताछ की गई। पुलिस की सक्रियता से बढ़ते हुए दबाव के कारण आरोपियों द्वारा अपहृत को देवीजी रोड में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। अपहृत युवक से अपहरणकर्ताओं के संबंध में पूछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि अपहरणकर्ता 04 व्यक्ति थे जिनके द्वारा मुझे कार में बैठाकर आँख में पट्टी बांधकर मारपीट करते हुए किसी अज्ञात स्थान पर ले जाकर किसी खेत में बने सीमेंट की लगी छत वाले बंद कमरे में रखा गया था एवं उन लोगो द्वारा शराब पीकर मेरे साथ मारपीट करते हुए एक करोड़ पैसों की माँग की जा रही थी। अपहरणकर्ता युवकों को मैं पहले से नही पहचानता था पुलिस द्वारा गल्ला व्यापारी द्वारा बताए घर के हुलिए अनुसार थाना प्रभारी मैहर अनिमेष द्विवेदी द्वारा स्वयं नेतृत्व करते हुए अलग-अलग टीम बनाकर आसपास के लगे लगभग 10-15 गांव में भ्रमण कर लगातार हुलिए अनुसार सीमेंट सीट वाले घर को ढूढ़ने का काम शुरू किया गया साथ ही सायवर सेल का सहयोग लिया गया एवं अपहृत व्यक्ति द्वारा बताये हुलिया अनुसार आरोपियों का स्क्रैच फोटो तैयार कर फोटो अनुसार व्यक्ति को ढूढने का सतत प्रयास किया गया। किसी प्रकार का कोई सुराग न होने से पुलिस को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। अपहृत व्यापारी के द्वारा बताए घर अनुसार एक घर ग्राम झुरखुलू थाना उचेहरा में गाँव से बाहर बीच खेत में मिला जिसको व्यापारी को ले जाकर दिखाया गया जो यही घर होना बताया गया,पुलिस द्वारा तत्काल उस घर के मालिक के संबंध में गाँव में पूछताछ की गई जो बताए कि यह पूरनलाल पटेल की अहरी है पुलिस द्वारा तत्काल घेराबंदी करते हुए पूरनलाल पटेल को गांव से ही गिरफ्तार कर घटना के संबंध में बारीकी से पूछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि गांव के रहने वाला जित्तू उर्फ जितेन्द्र पटेल एवं लुढौती का रहने वाला मुकेश उर्फ मुक्कू पटेल एवं रजनीश उर्फ मंजू पटेल के साथ सफेद कलर की कार क्र एमपी 19 सीए 6724 में भैंसासुर के दद्दू गुप्ता को बांधकर लाए थे जिसे हम लोग अपनी खेत में बनी अहरी में बांधकर रात भर रखे थे एवं पैसों की मांग कर रहे थे। जितेंद्र उर्फ जित्तू एवं मुकेश उर्फ मुक्कू चले गए थे फिर मैं अपने घर चला गया। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को आरोपी के कब्जे से बरामद कर लिया गया एवं पूरन पटेल द्वारा बताए कार को तत्काल ट्रेस करते हुए कार मालिक मुकेश पटेल निवासी बोस कालोनी को घर से गिरफ्तार कर पूछताछ की गई।

### गिरफ्तार आरोपी

पूरनलाल पटेल पिता राधेलाल पटेल 34 वर्ष निवासी ग्राम झुरखुलू थाना उचेहरा,आरोपी के खेत मे बनी अहरी में अपहृत को बंधक बनाकर रखा गया साथ ही आरोपी द्वारा अपने मोटर साइकिल से अपहृत को देवी जी रोड में छोड़ा गया,मुकेश पटेल पिता प्रभुदयाल पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुसेड़ी थाना अमदरा जिला मैहर हाल बोस कालोनी मैहर,मुकेश पटेल पिता रम्मू पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी लुढौती थाना मैहर जिला मैहर,रजनीश पटेल उर्फ मंजू पिता दिलदार पटेल निवासी लुढौती थाना मैहर जिला मैहर-घटना के संबंध में प्लानिंग तैयार कराने मे मुख्य भूमिका एवं अपहृत को ले जाने वाले रास्तो की रैकी। जितेंद्र उर्फ जित्तू पटेल पिता सोहनलाल पटेल उम्र 23 वर्ष निवासी बजरंग टोला झुरखुलू थाना उचेहरा सतना,घटना का मुख्य आरोपी जिसके द्वारा घटना करने के संबंध में पूरी प्लानिंग तैयार की गयी।

### सराहनीय भूमिका

कार्यवाई में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी थाना प्रभारी मैहर,उनि.अशोक सिंह सेंगर,उनि महेन्द्र गौतम,उनि संतोष सिंह उलाडी,सउनि रणजीत सिंह,प्रआर रविन्द्र दोहरे,प्रआर राघवेन्द्र सिंह,प्रआर अनिल सिंह,प्रआर विपिन सोंधिया,प्रआर पुष्पेन्द्र शुक्ला,प्रआर प्रकाश सिंह,आर अनूप तिवारी,आर राजेन्द्र सिंह,आर सौरभ लखेरा, आर संजय तिवारी,प्रआर चालक जय बागरी,आर विनय शुक्ला,आर नरेन्द्र कुमार सायवर सेल प्रभारी उनि अजीत सिंह,सउनि दीपेश पटेल,प्रआर विपेन्द्र मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# वाहनों का चालान काटा, गोमती-ठेले हटवाए

## फिलहाल बड़े अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई नहीं







सतना।

शहर के यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगर निगम एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा अभियान शनिवार को भी जारी रहा। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता प्रभारी आरपी सिंह परमार के नेतृत्व में अमले ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये 15 गोमती-ठेला हटवाये। इसके अलावा सड़क की पटरियों पर बैठकर दुकानदारी करने वाले दर्जनों फुटपाथी व्यवसायियों को आवागमन बाधित न करने की समझाइश दी गयी। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के साथ यातायात थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में ट्राफिक पुलिस टीम भी संयुक्त कार्यवाही में शामिल रहीं।

### इन इलाकों में की गई कार्यवाही

अतिक्रमण दस्ता एवं ट्राफिक पुलिस ने अस्पताल चौराहा से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की। अस्पताल चौराहा के गर्ल्स कॉलेज,पन्नीलाल चौक,स्टेशन चौक,जयस्तंभ चौक,भरहुतनगर,सर्किट हाउस चौक तक कार्यवाही की गयी। अतिक्रमण दस्ता प्रभारी श्री परमार के मुताबिक यह कार्यवाही तब तक जारी रहेगी,जब तक अतिक्रमण पूरी तरह से समाप्त नहीं हो जाता।

### कहां जाएं फुटपाथी दुकानदार

यहां उल्लेखनीय है कि नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इसके पूर्व भी कई बार सड़क की पटरियों पर बैठकर दुकान चलाने वाले फुटपाथी दुकानदारों,गोमती-ठेले वाले व्यवसायियों को हटाया जा चुका है। किन्तु दस्ता की कार्यवाही के कुछ दिन बाद अतिक्रमणकर्ता पुनः उसी स्थान पर आकर बैठ जाते हैं,जिसके कारण आवागमन बाधित होता है।

### कार्यवाही भी बेअसर

नगर निगम के पूर्व अतिक्रमण अधिकारियों द्वारा हाथठेला व्यवसायियों,गोमती में दुकान चलाने वाले दुकानदारों एवं फुटपाथ दुकानदारों को समझाइश देने के साथ गोमती-ठेले जब्त करने की कार्यवाही भी की जा चुकी है,किन्तु अतिक्रमणकर्ता अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे। कार्यवाही के तुरन्त बाद वे पुनः वहीं बैठने का जुगाड़. चलाने लगते हैं। ट्राफिक थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने उक्त सभी क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले आटो चालकों एवं मोटर साइकिल चालकों के खिलाफ कार्यवाही की। ट्राफिक पुलिस ने करीबन आटो एवं कार सहित 16 वाहनों को रोककर कागजातों की जांच की। इसी तरह से 15-16 मोटरसाइकिल चालकों के लाइसेंस, इंश्योरेंस एवं रजिस्ट्रेशन के कागजात चेक किये गये। साथ ही मोटर साइकिल चालकों के हेलमेट व साइलेंसर की जांच भी की गयी। ट्राफिक थाना प्रभारी संतोषतिवारी द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले सभी वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गयी। श्री तिवारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कराने हेतु वाहन चालकों को सीट बेल्ट एवं हेलमेट नहीं लगाने पर जुर्माना लगाने की कार्यवाही भी की जा रही है।

# अति गंभीर मरीजों को जबलपुर भोपाल ले जाने के लिए भी मिलेगी 108 एम्बुलेंस

## विधायक ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

मैहर।

विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने शनिवार को जिला चिकित्सा अधिकारी के साथ सिविल अस्पताल मैहर का निरीक्षण किया जहां मैहर सिविल अस्पताल में भ्रमण के दौरान साफ सफाई अधिकारी कर्मचारियों की गैर मौजूदगी और डॉक्टर ना होने की बात सामने आईं। इस मामले में जिला चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन और कर्मचारियों को फटकार लगाई और सभी को दिशा निर्देश दिए गए कि यहां की अस्पताल की व्यवस्था को सुनिश्चित करें आज मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी प्रातः11 बजे जिला चिकित्सा अधिकारी के साथ मैहर सिविल अस्पताल पहुंचे जहां पर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाकी व्यवस्थाओं का देखने के पश्चात सिविल अस्पताल में बैठक बुलाई गई जिसमें मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष सोनी,जिला चिकित्सा अधिकारी सतना एवं एसडीएम सुरेश जाधव,सतीश मिश्रा,जितेंद्र पांडेय,आलोक अग्रवाल,उत्तम पटेल,सावन जायसवाल,पीयूष चतुर्वेदी एवं मैहर जिला अंतर्गत सभी अस्पतालों के प्रभारी बीएमओ उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला चिकित्सा अधिकारी ने कोविड संबंधित सभी को दिशा निर्देश दिए एवं सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने प्रभारी को दिशा निर्देश दिया गया वहीं मैहर विधायक ने आज सिविल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान अस्पताल में चारों तरफ गंदगी का आलम और ड्यूटी से नदारत अधिकारी कर्मचारियों की क्लास ली इतना ही नहीं मैहर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मरीजों को उपचार के लिए शासन द्वारा दिया गया दिशा निर्देश के अनुरूप लोगों को उसका लाभ मिलना चाहिए। बैठक में जिला चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मैहर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट शुरू हो गई है जिसमें करीब मैहर के कई पेशेंट जो सतना डायलिसिस करने जाते थे इन दोनों मैहर सिविल अस्पताल में ही उसका लाभ उन्हें मिलने लगा है। कुछ दिनों में जल्द ही सीटी स्कैन मशीन भी मैहर सिविल अस्पताल को मिलने वाली है जिसकी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है इतना ही नहीं सतना जिला के अस्पताल के तर्ज पर मैहर का जिला अस्पताल डेवलप किया जाएगा। स्टाफ बढ़ाए जाएंगे और चिकित्सा की भी बेहतर व्यवस्थाएं और सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में मैहर विधायक श्री चतुर्वेदी के प्रयास से अब मैहर सिविल अस्पताल108 एंबुलेंस से जबलपुर और भोपाल भी मरीज को ले जाया जाएगा। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि ऐसी स्थिति कई बार बनती है जहां पर अतिगंभीर पेशेंट को समय पर एंबुलेंस नहीं मिल पाती अब ऐसी स्थिति में पेशेंट को उपचार के लिए अब 108 एंबुलेंस मैहर से सतना रीवा के बाद अब जबलपुर भोपाल भी जाएगी जिससे लोगों को उचित इलाज की व्यवस्था आसानी से मिल सके। बैठक के दौरान अस्पताल प्रबंधन के आउटसोर्स के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने की शिकायत जिला चिकित्सा अधिकारी के सामने रखी जहां पर जिला चिकित्सा अधिकारी ने सभी कर्मचारियों को अस्वस्थ किया कि अगर ठेकेदार आपको वेतन समय पर नहीं देता है तो उसे ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा और ठेकेदार संबंधित सभी मामलो पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। सिविल अस्पताल में सभी कर्मचारियों को रोस्टर ड्यूटी प्लान बनेगा और इस आधार पर सभी को ड्यूटी तैनाती करने के निर्देश दिए गए हैं। इतना ही नहीं मैहर के अलावा अमदरा,बदेरा,नादान में भी उप स्वास्थ्य केन्द्रो पर डॉक्टरों की तैनाती जल्द कर दी जाएगी। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अस्पताल प्रबंधन से बात करते हुए बताया कि मैहर सिविल अस्पताल में आने वाले रोगियों का अच्छे से इलाज हो सके और अच्छी व्यवस्था के लिए हर महीने समीक्षा बैठक सुनिश्चित होगी।

# शांति का संदेश देता है, क्रिसमस

सतना।

काथलिक धर्मप्रान्त बिशप जोसफ कोड़कल्लील ने कहा है कि ईश्वर बनाने के लिए ईश्वर मानव बनने का दिन है क्रिसमस,क्रिसमस शांति का संदेश देता है,इस दुनिया में शांति का संदेश लेकर अवतरित ईसा मसीह के जन्म को हम क्रिसमस के दिन बड़ी हर्ष एंव उल्लास के साथ मनाते है। क्रिसमस के दिन समाज के सभी लोग देश की एकता और सौहार्द के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते है। ईश्वर प्रेम का रूप है। क्रिसमस का सही अर्थ प्यार है। ईश्वर मानव रूप धारण कर इस जगत में आया क्योंकि वह हमसे प्यार करता है। ईश्वर हमें बहुत प्यार करता है क्योंकि वह स्वयं प्रेम है। ईश्वरीय प्रेम बॉटने का दिन है क्रिसमस ईश्वर ने इस दुनिया को इतना प्यार किया कि उसने अपने इकलौते पुत्र को इस दुनिया में भेज दिया (पवित्र बाईबल-योहन 3:16) ईश्वर ने हमारे लिए जो कुछ किया उसके लिए कृतज्ञता से हम एक दूसरे को उपहार देकर उनका आदर करके,गरीबों एवं कम भाग्यशालियों के प्रति विशेष रूप से जागरूक होकर उनके जन्म को याद करना हैं।

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने जीता हैप्पीनेस एंड वेलबीइंग अवॉर्ड

सतना।

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन को हैप्पीनेस एंड वेलबीइंग एट वर्कप्लेस के क्षेत्र में हैप्पी प्लस कंसल्टिंग एवं ईटी एचआर वर्ल्ड द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।दिल्ली के होटल रैडिसन ब्लू में 15 दिसम्बर को आयोजित समारोह में प्रिज्म परिवार की ओर से राजेश कुमार,हेड टेलेन्ट मैनेजमेंट एंड आईएमएस, सीमेंट डिवीजन,मानव कुमार, डीजीएम, एचआर, एचआर जॉनसन ,रवि कुमार सिंह डिप्टी मैनेजर, कार्पोरेट एचआर,सुश्री श्रेया बाधवा, असिस्टेंट मैनेजर एचआर,एचआर जॉनसन एवं सुश्री पूजा यादव,असिस्टेंट मैनेजर एचआर,एचआर ने पुरुस्कार ग्रहण किया। हैप्पीनेस एंड वेलबीइंग एट वर्कप्लेस के क्षेत्रमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिले



अवार्ड पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ विवेक अग्निहोत्री ,मनीष सिंह, प्रेसीडेंट एंड टेक्निकल हेड एवं मनीष सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स सहित कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की भविष्य में भी कंपनी हैप्पीनेस एंड वेलबीइंग एट वर्कप्लेस के क्षेत्र में अनवरत उत्कृष्ट कार्य करती रहेगी।उपरोक्त जानकारी ए.जी.एम. सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## खबर संक्षेप

### पर्यटन कैलेण्डर में मुद्रण के लिए भेजें छायाचित्र

**पन्ना।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद जिला पन्ना अंतर्गत वर्ष 2024 के वार्षिक कैलेण्डर का मुद्रण कराया जाना है। जिले के पर्यटन स्थलों जैसे नेशनल पार्क, ऐतिहासिक धरोहरों, मंदिरों, हीरों एवं झीलों, रमणीक स्थल, बृहस्पति कुण्ड और अन्य जल प्रपात के संक्षिप्त विवरण एवं छायाचित्र की थीम पर आधारित कैलेण्डर मुद्रित कराए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति आगामी 28 दिसम्बर तक जिला पंचायत कार्यालय में संक्षिप्त विवरण सहित पर्यटन स्थल का छायाचित्र प्रस्तुत कर सकते हैं। छायाचित्र चयनित होने पर पर्यटन कैलेण्डर में संबंधित व्यक्ति का नाम अंकित किया जाएगा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम आज

**दमोह।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 दिसम्बर 2023 को ''राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस'' के रूप में मनाये जाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा दिये गये है। कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह प्रांगण में किया जायेगा। कार्यक्रम में संबंधित विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यो की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जायेगी । जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से आग्रह करते हुए कहा है कि 24 दिसम्बर को दोपहर 01 बजे पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह में उपस्थित होकर उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त करें।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर सम्पन्न

**दमोह।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज हटा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मड़ियादो और शिवपुर में शिविर आयोजन किया गया। मड़ियादो में पुराना थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ रामगोपाल सोनी, प्रदीप गुप्ता, श्री कमलेश , अभिषेक जैन, बसंत अग्रवाल, केलाश अग्रवाल, विष्णु सोनी, सरपंच राधारानी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## राष्टीय किसान दिवस के अवसर पर हमारा पानी-हमारा प्रबंधन कार्य क्रम का आयोजन सम्पन्न

# प्राकृतिक खेती से लागत कम होगी -डॉ. त्रिपाठी



**पन्ना।** स्वयंसेवी संस्था समर्थन डब्लू.एच.एच के सहयोग से विभागीय समन्वय कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि विभाग ,पशुपालन एवं डेयरी,जलजीवन मिशन, स्वयंसेवी संस्थाए एवं महिला किसानो के अगुआयी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल एवं स्वच्छता ,पानी और किसान को प्राथमिकता में रखकर अतिथियो के द्वारा जल संकल्प लेते हुए, सभी ने किसानो के हित में पानी के संरक्षण की वात की।

### कृषि विकास एवं कल्याण हम सबकी प्राथमिकता-संतोष यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत





स्वच्छ साफ पानी से बीमारी को रोकने की वात कही। डा. जायसवाल जी ने किसानो की लाृगत कम करने के लिये प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये किसानो की गौ आधारित खेती करने की वात कही है। डा. त्रिपाठी ने किसानो को मिट्टी को बीमारी से बचाने की वात कही एवं किसानो को प्राकृतिक खेती करने की वात कही है। कृषि उपसंचालक एपी सुमन ने कहा की हमारी सरकार और हम मिलकर नई तकनीकी अपनाने की वात कही जिससे कम पानी में खेती हो जाये, सिचाई यंत्र का उपयोग करे, सब्जी का उत्पादन करने एवं स्वस्थ्य जीवन की वात कही। बरिष्ठ पत्रकार अरूण सिंह जी ने कहा की आत्मनिर्भर, के साथ -साथ परस्पर निर्भरता का सम्मान करना हमें प्राकृतिक सिखाती है हम सब प्राकृतिक का सम्मान करे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव ने कहा की पन्ना को भरपूर पानी मिले, इसके लिये योजना बनाने एवं क्रियान्वयन करने की जाबबदेही हम सब पर है, मिलकीर समन्वय से हम काम करेगे तो सफलता मिलगी। आज हमारी महिला किसानो ने सावित कर दिया कि हम सभी क्षेत्र में आगे है,अपने जिले को पानी से परिपूर्ण एवं गरीबी मुक्त बनाने में हमारी किसान दीदी की भमिका अहम है। जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ आशीष जी ने कहा की हम साफ शुद्व पानी के साथ पानी के प्रबंधन के लिये पूरे सिस्टम को आगे आकर टीम तैयार करनी होगी। जल मित्र हमारे पूरे कार्यक्रम की रीढ़ है, 740 किचेन गार्डन के साथ पानी के प्रबंधन के मॉडल तैयार किये जा रहे है। विभागीय अधिकारी एवं किसानो ने स्टाल में लगी देशी सब्जी ,फल,खाद पदार्थ, एवं मुरब्बे एवं मोटे अनाज का अवलोकन कर कहा की हमें प्राकृतिक खेती को अपनाने एवं मोटे अनाज पर काम करने की आश्यकता है। केचुआखाद से उत्पादन करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में निम्न विभागीय अधिकारी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संख्चालन एवं आभार समर्थन के ज्ञानेनद्र तिवारी ने किया। समर्थन से प्रीतम,चाली,कमल,सुरेन्द्र, एवं लखन लाल ने सहयोग प्रदान किया। महिला किसानो के समन्वय जलमित्र एवं वालिन्टयर ने किया एवं सहयोग किया। कृषि विज्ञान केन्द्र से डा. पी.एन त्रिपाठी, बरिष्ठ वैज्ञानिक एवं पमुख, डा.आर.के जायसवाल,डा. आरपी सिंह, कृषि उपसंचालक ए.पी.सुमन, आत्मा से पटेरिया जी पशुपालन एवं डेयरी-डा. डीपी त्रिपाठी, एवं डा. दिनेश पटेल जल जीन मिशन से शालिनी नामदेव ब्लाक समन्वयक स्वयसेवी संस्था से- पृथ्वी टस्ट से समीना युसुफ बेग, उन्नत शिखर से शेख अंजाम, समावेश बीरम सिंह, जिले के पत्रकार बन्धु ने पूरा सहयोग किया।

# मां कंकाली की कृपा से जनता के आशीर्वाद के बाद विधानसभा भवन में माथा टेककर अब विधायक की दूसरी पारी शुरू



**पन्ना।** जनता ही भगवान होती है इसको जमीनी रूप में साबित किया पवई विधायक प्रहलाद सिंह लोधी ने। चुनाव के दौरान सहजता के साथ जनता के पैरों को छूकर किये प्रणाम मिला आर्शीवाद तो जीत का आंकड़ा सबसे ऊपर जिले में हुआ कायम। वहीं विधानसभा क्षेत्र से विजय पथ के बाद विधानसभा भवन की चौखट में भी फल चढ़ाकर माथा टेक कर किया प्रणाम। दूसरी पारी विधाकयकी की शुरू। इसके पीछे प्रहलाद जो शक्ति आर्शीवाद के रूप में मां कंकाली की कृपा निश्चितौर पर जानी जा रही है। पन्ना। विधायक पवई प्रहलाद लोधी जिनकी सहजता स्वमेव ही साबित हो रही है। एक पैर से हालात अस्वस्थ है फिर भी पूरी विधानसभा में चुनाव के दौरान पैर छूने वालों के छुए पैर मिला आर्शीवाद बने विधायक। वहीं जिले में सबसे ज्यादा मतों से विजयी श्री का रिकार्ड कायम किया। जीतने के बाद मध्यप्रदेश की विधानसभा भवन में जब सभी विधायक भोपाल पहुंचे तो प्रहलाद लोधी भी पहुंचे। जहां विधानसभा भवन की चौखट यानि की दरवाजे में फूल चढ़ाकर माथा टेककर आगे भवन में किया प्रवेश यानि कि विधायक की दूसरी पारी के रूप में अब जिम्मेदारी का निर्वाहन करने को लेकर आर्शीवाद की ताकत के साथ जनता के कल्याण को लेकर आगे का समय पांच वर्ष के लिए जनप्रतिनिधि के कर्तव्य निभाने की शक्ति के साथ विकास की दिशा जनता के लिए तय करने का संकल्प लेते हुए भविष्य में स्वयं ही कार्यप्रणाली को दिशा तय करने के लिए जाना जायेगा। यह है प्रहलाद लोधी की सहजता व सरलता। यहां साबित होता है कि जनता को भगवान मानकर पैर छूकर प्रणाम करते हुए विधायक बने वहीं विधानसभा भवन को मंदिर मानकर आगे की दिशा तय करने के लिए शक्ति के साथ जनता के कल्याण को लेकर दायित्व निभाने के लिए तत्पर। यहां मां कंकाली की कृपा से विधानसभा तक पहुंचे अब आर्शीवाद के साथ सबका साथ सबका विकास निभाने के लिए जाना जायेगा।



### 1200 साप्ताहिक परायण का आगाज

**पन्ना।** श्री मुखवाणी 1200 साप्ताहिक पारायण का आगाज शनिवार दोपहर 3 बजे से भव्य कलश यात्रा निकालकर किया गया। कलश यात्रा बाई जू राज महारानी जी मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के मुख्य मार्गो श्री प्राणनाथ चौराहा, अजयगढ़ चौराहा, बड़ा बाजार, श्री जुगल किशोर जी मंदिर से होते हुए वापस श्री प्राणनाथ जी मंदिर में संपन्न हुई। मालूम हो की कलश यात्रा में हजारों की संख्या में देश एवं विदेश से आए हुए श्रद्धालु शामिल रहे और उत्साह के साथ नाचते गाते रहे। श्री 5 पद्मावती पुरी धाम पन्ना जो की प्रणामी संप्रदाय का सबसे बड़ा तीर्थ है। इस पवित्र धाम से देश-विदेश के करोड़ों लोगों की आस्था जुडी हुई है। इतनी भीषण ठंड के बावजूद भी आयोजित भव्य साप्ताहिक पारायण में हजारों लोग देश-विदेश से पन्ना पहुंच चुके हैं। मालूम हो कि इतना बड़ा धार्मिक आयोजन 40 वर्ष बाद किया जा रहा है। इस आयोजन में 1200 ब्रह्ममुनी एक साथ पारायण का वाचन करेंगे जो शोभा देखते ही बनेगी। इस भव्य आयोजन की एक झलक पाने के लिए और दर्शन करने के लिए देश-विदेश के हजारों सुंदरसाथ आतुर हैं। श्री प्राणनाथ जी मंदिर के विशाल ब्रह्म चबूतरे पर आयोजित 1200 साप्ताहिक परायण का शुभारंभ रविवार सुबह 9रू00 बजे विधिवत पूजन पाठ के साथ होगा। प्रतिदिन प्रातः 9रू00 बजे से वचन का कार्य किया जाएगा जो की 30 दिसंबर तक चलेगा। पूर्णब्रहा अक्षरातीत अनंत श्री विभूषित महामति श्री प्राणनाथ जी के श्रीमुख से आविर्भूत ब्रहृरवाणी की संपूर्ण पारायण वाचन का ऐसा अनमोल शुभ अवसर प्राप्त करना इस भाग दौड भरे जीवन में बहुत ही दुर्लभ हैं। आयोजित 1200 साप्ताहिक परायण की पूर्ण रूपरेखा श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश भाई पटेल, उपाध्यक्ष अमरेश शर्मा, सचिव अभय शर्मा न्यासी चंद्र कृष्ण त्रिपाठी, राकेश कुमार शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, रंजीत शर्मा, तिलक राज शर्मा, महाप्रबंधक देशभूषण शर्मा, उप प्रबंधक आशीष शर्मा के साथ-साथ ट्रस्ट बोर्ड से जुड़े हुए समस्त न्यासियों, कार्यकारिणी सदस्यों की अहम भूमिका रही। इसके अलावा इस महा आयोजन में देश-विदेश में रह रहे श्रद्धालु सुंदर साथ का भी हम सहयोग रहा साथ ही पन्ना स्थित धामी समाज के लोगों का भी विशेष सहयोग रहा।

### भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है : पं ऋषिकांत गर्ग



**बनवार।** श्रीमद भागवत कथा का विश्राम भव्य जलबिहार से हुआ। पतित पावनी व्यारमा नदी बड़े घाट जल विहार यात्रा में शामिल हुए सैकड़ो श्रद्धालु ग्राम बनवार राजपूत परिवार में चल रही है। संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आज विशाल भंडारे के बाद व्यारमा नदी में बड़ी संख्या में भक्त लोग जलबिहार करने पहुंचे और भव्यता के साथ श्रीमद् भागवत कथा में आवाहित देवी देवताओं को यथा स्थान ग्रहण करने आवाहन करते हुए जल विहार करवाते हुए कथा का विश्राम हुआ। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी ने बताया की भगवान की लीला अपरंपार है। वे अपनी लीलाओं के माध्यम से मनुष्य व देवताओं के धर्मानुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करते हैं। भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है आवश्यकता निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की है। भागवत श्रवण से मनुष्य को परमानंद की प्राप्ति होती है। भागवत श्रवण प्रेतयोनि से मुक्ति मिलती है। और कहा कि भागवत भाव प्रधान और भक्ति प्रधान ग्रंथ है। भगवान पदार्थ से परे है, प्रेम के अधीन है। प्रभु को मात्र प्रेम ही चाहिए। अगर भगवान की कृपा दृष्टि चाहते हैं तो उसको सच्चाई की राह पर चलना चाहिए। भगवान का दूसरा नाम ही सत्य है। सत्यनिष्ठ प्रेम के पुजारी भक्त भगवान के अति प्रिय होते हैं। कलयुग में कथा का आश्रय ही सच्चा सुख प्रदान करता है। इस मौके पर यजमान पुष्पेंद्र सिंह राजपूत सहित उनका पूरा परिवार सहित बड़ी संख्या ग्रामवासियों की उपस्तिथि रही।

### पांच विकासखण्ड के 65 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के हुए कार्यक्रम

**पन्ना।** जिले में गत 16 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ के बाद अब तक पांच विकासखण्ड के 65 ग्राम पंचायतों में यात्रा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी जनपद पंचायत की 11 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों, किसानों, स्वसहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की। कार्यक्रम में स्वागत, प्रधानमंत्री का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी-मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑनस्पाट क्विज, पुरुस्कार वितरण आदि के साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर शत प्रतिशत पूर्ण योजनाओं का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक, राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और



पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा 23 से 31 दिसम्बर तक 77 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी। 23 दिसम्बर को पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत दिया, उमरी एवं सिलधरा, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नयागांव, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कमताना एवं सिंघौरा, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत करिया एवं महोड़ तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत ककरा एवं बारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण होगा। इसी तरह 24 दिसम्बर को गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मढ़ियाकला एवं बिल्हा अमानगंज, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तिघरा एवं बोदा तथा शाहनगर जनपद पंचायत की मड़वा एवं फतेपुर ग्राम पंचायत में यात्रा पहुंचेगी, जबकि पन्ना एवं अजयगढ़ विकासखण्ड में यात्रा का भ्रमण नहीं होगा। 25 दिसम्बर को अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत धरमपुर, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पगरा एवं बम्हौरी, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत देवरा एवं पुरैना तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बघवारकला एवं पिपरियाकला में यात्रा का आगमन होगा। पन्ना जनपद पंचायत में यात्रा का भ्रमण नहीं होगा। 26 दिसम्बर को पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तिलगुवां एवं लक्ष्मीपुर, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कीरतपुर, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झरकुआ एवं मझगवां सरकार, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मुराछ एवं सिमरिया गुलाब सिंह तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बिलपुरा एवं बीरमपुरा में यात्रा का भ्रमण होगा। 27 दिसम्बर को पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कृष्णाकल्याणपुर एवं सुनहरा, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नारायणपुर एवं मड़रका, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कोट एवं महेबा, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बुधेड़ा एवं टांई तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बड़ागांव एवं रूपझिर में यात्रा का आगमन होगा। 28 दिसम्बर को पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कुड़ार एवं दहलानचौकी, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत खोरा, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत गौरा एवं चिकलहाई, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत उड़ला एवं सिरसी तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जमुनिया एवं डोहली में यात्रा का आगमन होगा। 29 दिसम्बर को पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत जनवार एवं इटवांकला, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हरनामपुर एवं अमरछी, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मुकेहा एवं घटारी, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुनवानीकला एवं गढ़ीकरहिया तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मूलपारा एवं रैपुरा में यात्रा पहुंचेगी। 30 दिसम्बर को पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बांधीकला एवं तारा, अजयगढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कटर्रा एवं नरदहा, गुनौर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत टौराह एवं कटकहा, पवई जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झिराटा एवं मधपुरा तथा शाहनगर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भरवारा एवं पटना में यात्रा का आगमन होगा।

# जिले में बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम को लेकर लक्ष्य के साथ सभी प्राचार्य जुटे तैयारी में-प्रभारी कलेक्टर संघप्रिय

**पन्ना।** जिले में आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बेहतर परिणाम लाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रभारी कलेक्टर संघप्रिय ने प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर जहां वन-टू-वन चर्चा करते हुए समीक्षा बैठक में जानकारी लेते हुए वहीं दो प्राचार्यों को शोकाज नोटिस मौके पर ही किये जारी। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता व बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम को लेकर प्रभारी कलेक्टर सीईओ जिला पंचायत संघप्रिय तत्परता से जहां स्कूल शिक्षा विभाग के सभी प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर भावी परीक्षाओं में किस तरह से सफलता के आयाम तय किये जा सके। इसको लेकर कार्य योजना के तहत आगामी शिक्षा की दिशा पर फोकस किया गया हैं जिसमें सबसे पहले विगत वर्ष 40 प्रतिशत से कम परीक्षा परिणाम वाले प्राचार्यों से बात की गई और उन्हें कार्य योजना के तहत निर्देश दिये गये। साथ ही सभी प्राचार्यों को अपनी संस्था के कमजोर शिक्षा स्तर के एक-एक बच्चे को चिंन्हित करने के साथ उनके परीक्षा परिणाम में क्या स्थिति रहेगी उस स्थिति के आधार पर उन बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने के लिए कहा गया। जिसके लिए प्राचार्य अपनी स्तर पर विद्यालयीन स्टाफ के साथ बैठक कर





योजना बद्ध तरीके से उन छात्रों पर ध्यान दें। इतना ही नहीं शाला से निरंतर अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की जानकारी संस्था प्रमुख के पास होनी चाहिए। तथा उन छात्रों को स्कूल लाने के लिए बेहतर प्रयास किये जाने चाहिए। उनके पालक या अभिभावकों से निरंतर सम्पर्क करते हुए छात्र की वस्तिु स्थिति से पालक को अवगत कराना चाहिए। परीक्षा के लिए वर्तमान में डेढ माह का समय बचा हुआ है सभी प्राचार्य एवं शिक्षक तत्परता से कार्य करें एवं अच्छा परिणाम जिले को दें यदि इन सबके बावजूद भी 80 प्रतिशत से कम परिणाम आता है तो संबंधित प्राचार्यों के विरूद्ध कडी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। छात्रों की उपस्थिति कम को लेकर प्रभारी कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। नगर पालिका क्षेत्र में यदि उपस्थिति न्यून होती है तो संस्था प्रधान की विफलता है। जिसके लिए उनके विरूद्ध कार्यवाही की दिशा तय होनी चाहिए। सभी प्राचार्यों को खराब स्तर के बच्चे की सप्ताहिक मॉनीटरिंग की जानी चाहिए एवं उनमें बेहतर सुधार के लिए प्रयास किये जाने चाहिए। इतना ही नहीं आप ने कहा कि शिकायत प्राप्त होने पर शिकायतों की विधिवत जांच होने पर निराकरण किया जाना चाहिए। बिना जांच किये शिकायत को नस्ती बद्ध न करें। प्राचार्य एवं शिक्षकों का आचरण अच्छा होना चाहिए बच्चों में उनकी छवि अच्छी कायम होनी चाहिए। आपकी ज्ञान की दक्षता पद की गरिमा क अनरूप कार्य करने को लेकर जानी जाये। जिस पद पर बैठे है उस पद के क्या कर्तव्य है यह आपको भलिभांत ज्ञात होना चाहिए। हम सब कलम पर पकड़ बनाये तथा नियम पर हमारी पूरी पकड़ होनी चाहिए। बैठक के दौरान हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य अमहा रामपाल प्रजापति बैठक से अनुपस्थित रहे एवं मनोज पटेल प्रभारी प्राचार्य शा.कन्या उच्चतर माध्यम विद्यालय पवई बैठक में तो रहे जानकारी न देने के कारण इन दोनों प्राचार्यों को सूचना पत्र कारण बताओ जारी करते हुए जवाब चाहा गया है। इस तरह से प्रभारी कलेक्टर द्वारा परीक्षा परिणाम को लेकर जहां लक्ष्य के साथ आगे दिशा तय करने के लिए हिदायद दी गई है वहीं जिनका परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष 30 प्रतिशत से कम आया था यदि उनका परीक्षा परिणाम इस बार उसी श्रेणी में आता है तो उनके विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जायेगी। अतः सभी प्राचार्य योजना बद्ध तरीके से कार्य करे एवं जिले को बेहतर परीक्षा परिणाम दें। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्राचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किये गये है कि दिनांक 26 दिसम्बर 2023 से अपनी-अपनी संस्था से कर्मचारी पंजी एवं छात्रों की उपस्थिति पंजी वाट्साप के माध्यम से अपने-अपने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को प्रतिदिन 10:30 बजे से 11 बजे के मध्य देना सुनिश्चित करे। विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति करना सुनिश्चित की जाये। शिक्षकों को परीक्षा तक अवकाश लेने पर अंकुश लगाया जाये। यू-डाईस तथा छात्रवृत्ति स्वीकृति तथा अन्य छात्रों की प्रोफाईल अपडेशन 100 प्रतिशत दिनांक 28 दिसम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। अन्यथा जिम्मेदार कर्मचारियों के विरूद्ध दो-दो वेतन वृद्धि रोके जाने की कार्यवाही की जायेगी। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा, डाईट प्राचार्य रवि प्रकाश खरे, जिला परियोजना समन्वयक अजय कुमार गुप्ता एवं श्रीमति दर्शना साकरे योजना अधिकारी, समस्त विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी तथा समस्त प्राचार्य हाई स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के उपस्थित रहे। उक्त बैठक में आभार जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा द्वारा किया गया।

## कचरे को प्रबंधन करने वाली लाखों रुपये की मशीनें धूल खाकर हो रहीं कबाड़

# 25 लाख की लागत से बना ट्रेंचिंग ग्राउंड साल भर से बंद

**नौगांव।** नगर पालिका परिषद द्वारा चार वर्ष पहले 25 लाख रुपये की लागत से कचरे के निपटान एवं वेस्टेज से खाद बनाने के उद्देश्य से बना ट्रेंचिंग ग्राउंड परिषद साल भर से बंद पड़ा है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा प्रबंधन बंद होने से लाखों रुपये की मशीनें धूल खाकर कबाड़ हो रही है। नगर पालिका के अधिकारी इसका संचालन बता रहे हैं। जबकि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में रैंकिंग सुधारने का उद्देश्य कागजों एवं बैठकों या यूं कहें कि फोटो सेशन तक ही सीमित रह गया है। शहर से निकलने वाले कचरे के निपटान एवं वेस्टेज से खाद निर्माण करने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड का निर्माण किया गया था। ट्रेंचिंग ग्राउंड के निर्माण के समय शहर से निकलने वाले सूखे कचरे, गीले कचरे, मल , मूत्र सहित सैप्टिक टैंक से निकले मल को संयंत्र में अलग अलग करके आधुनिक तरीके से खाद, जैविक खाद तैयार करने की बात कही गई। इसके निर्माण के समय कहा गया कि नगर पालिका कचरे का निपटान तो करेगी ही साथ ही कचरे से खाद तैयार करके पैसा भी कमाएगी। जिसके लिए नगर पालिका ने बैलिंग मशीन, फटका मशीन , बेलन, सेगरेकेटर सहित अन्य मशीनों और इसके निर्माण पर करीब 25 लाख रुपये खर्च किये थे। राशि खर्च होने के कुछ महीनों तक सब कुछ सही रहा। लेकिन पिछले साल भर से ज्यादा समय से यह ट्रेंचिंग ग्राउंड नपा सीएमओ ,स्वच्छता प्रभारी की उदासीनता से बंद पड़ा है। पिछले दिनों ट्रेंचिंग ग्राउंड पर जाकर मौका मुआयना किया तो ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लगी लाखों रुपये की मशीनें बंद होकर धूल खाकर कबाड़ हो रही रही है, वहीं नपा सफाई कर्मियों ने ग्राउंड बंद होने की कमी छिपाने के लिए शहर से निकलने वाले कचरे को ग्राउंड पर न डालकर ग्राउंड के पीछे स्थित खाली मैदान पर डाल कर कचरे में आग लगाई जा रही है। तो वहीं नपा प्रशासन भी जनवरी महीने में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को अनदेखा करते हुए इसके चालू होने पर ध्यान न देते हुए इसके चालू होने की बात कह रहे हैं। जबकि ट्रेंचिंग ग्राउंड पर मिले एक कर्मचारी ने बताया कि पिछले एक साल से कर्मचारी न होने के कारण ट्रेंचिंग ग्राउंड बंद है। एक साल पहले तक चार-पांच कर्मचारियों के द्वारा अपशिष्ट कचरे से जैविक खाद सहित अन्य खाद बनाकर कचरा को पृथक किया जा रहा था। लेकिन इसके बाद यहां लगे कर्मचारियों को ग्राउंड से हटाकर वार्डों की सफाई कार्य में लगा दिया गया है। जिससे कचरा खत्म करने लिए लगाया गया प्लांट स्वयं बंद होकर कचरा हो रहा है।



### जो कचरे को नष्ट करने के लिए जो साधन रखें हुए है उनमें कोई कचरा भी नहीं डाल रहा है, लाखों की मशीन खा रही धूल -

कचरे के माध्यम से खाद बनाने का भी काम किया जाना था। इसके लिए बकायदा मशीन भी लगाई गई है। मशीन से शुरुआत में खाद भी बनाया गया था लेकिन एक साल से खाद बनाने का काम बंद हो गया। कचरा को निपटाने वाली मशीन भी बंद पड़ी है। इंजीनियरिंग कॉलेज के पास ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरा वाहनों से घरों से निकलने वाला कचरा आता है। इसमें गीला और सूखा कचरा डालने के लिए दोनों ओर से व्यवस्था है। लेकिन ग्राउंड में कचरा आने के बाद उसका कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है।

### कचरे पर आग लगाने पर एनजीटी की रोक, नपा कर्मी लगा रहे आग

कचरे से खाद बनाने वाली लाखों रुपए की मशीन धूल खा रही हैं। कचरे पर आग लगाने पर एनजीटी की रोक है, लेकिन नपा कर्मियों ने अपनी कमी छिपाने कचरे को ग्राउंड पर न डालकर ग्राउंड के पीछे स्थित खाली मैदान पर डाल कर कचरे में आग लगाई जा रही है। वेस्ट कचरे में आग लगाने से प्रदूषण फैल रहा है। कचरे में आग सुलगी हुई है। प्रतिदिन कचरा बढ़ता जा रहा है और आग भी बुझने का नाम नहीं ले रही है।

### 27 लाख की लागत से शुरू हुआ था ट्रेंचिंग ग्राउंड -

पांच वर्ष पहले शहर के बाहर नौरा पहाड़ी क्षेत्र में इस ट्रेंचिंग ग्राउंड बनाने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद शहर से से निकलने वाला कोई भी कचरा इधर उधर खासतौर से शहर के बाहरी क्षेत्र झांसी रोड, पलेरा रोड पर डलने से आजादी मिली थी। यह कचरा इस जगह पहुंचकर मशीनों द्वारा छांटकर जिसका जहां उपयोग किया जा सकता है वह होगा। उल्टा शहर के बाहरी क्षेत्रो में जो सालों पुराना कचरा डला हुआ है उसको उठाकर इसी ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लाया जायेगा।

### स्लज ड्राइंग बेड -

नगर पालिका द्वारा डंपिंग ग्राउंड में स्लज ड्राइंग बेड का निर्माण किया गया है, जिसमें लोगों के घरों के सैप्टिक टैंक से निकलने वाले मल को वैज्ञानिक पद्धति से चूना आदि सामग्री डालकर समाप्त करते हुए बचे हुए अपशिष्ट में केमिकल वगैरह डालकर कम्पोस्ट तैयार करते हुए उसका उचित निपटान करने का प्रावधान है। स्लज ड्राइंग बेड यूनिट से मल पूरी तरह से समाप्त होने के साथ जैविक खाद भी बन रही थी।

### कम्पोस्टिंग सेट -

कम्पोस्टिंग सेट में गीला कचरा डालने पर साथ ही कुछ अन्य सामग्री डालकर एक निश्चित समय तक रखने के बाद कम्पोस्ट खाद का निर्माण होता है।

### मटेरियल रिसाईकिल फैक्ट्री -

इस पद्धति के माध्यम से नगर पालिका सूखे कचरे को अलग अलग छांटकर बने खानों में डालकर उसको दोबारा प्रयोग करने के लिए तैयार करने का कार्य होता है । इसमें जैसे लोहा,मोटा प्लास्टिक, पतला प्लास्टिक, रबड़, चमड़ा, कागज, दप्ती, पुट्ठा, कांच आदि को अलग अलग संगृहीत करते हुए दोबारा प्रयोग के लायक बनाया जाता है।

### इनका कहना है -

टीचिंग ग्राउंड चालू है, यदि कर्मचारी कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर न डालकर अन्य स्थान पर डाल रहे हैं तो दिखवाते हैं, कार्यवाई होगी।

**संदीप राजपूत**
**स्वच्छता निरीक्षक**

---

**खबर संक्षेप**

### मारूती वैन में हुआ विस्फोट, मची अफरा-तफरी



**बिजावर।** नगर के रिहायशी इलाके में खड़ी एक मारूती वैन में अज्ञात कारणों से आग लगी और इसके बाद वैन में रखा एलपीजी सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमती रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन मारूती वैन पूरी तरह से जल गई है। उक्त कार क्रमांक यूपी 93 बीसी 9854 वार्ड नंबर 13 बिजावर निवासी नारायण विश्वारी की बताई गई है और कार उनके निवास के बाहर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास खड़ी थी। उक्त गंभीर घटना को पुलिस ने संज्ञान में लेकर जांच शुरू की है।

### नहर खोल रहा था किसान, तेंदुए ने किया हमला



**बड़ामलहरा।** गुलगंज थाना क्षेत्र की बंधा चौकी अंतर्गत ग्राम गोरा में फसल की सिंचाई हेतु नहर खोलते वक्त 29 वर्षीय किसान के ऊपर तेंदुए ने हमला कर दिया। किसान के कंधे, कान और गाल में चोटें आई हैं। गोरा निवासी किसान नरेंद्र सिंह ने पुलिस चौकी बंधा व वन परिक्षेत्र कार्यालय में आवेदन देते हुए बताया वह शुक्रवार की रात साढ़े 9 बजे लुधयाऊ हार में स्थिति अपने खेत की फसल की सिंचाई के लिए नहर खोलने गया था। उसके साथ परिवार के पुष्पेंद्र सिंह, राम सिंह और जयदीप सिंह भी मौजूद थे, तभी तेंदुए ने हमला किया। उसके कंधे, कान और गले में नाखून व दांतों के निशान हैं। हमले में घायल किसान का बड़ामलहरा में उपचार किया गया।

---

# बाईक की रफ्तार से उपजे विवाद में युवक की हत्या

## आधा दर्जन लोगों ने युवक को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**छतरपुर।** जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढिगपुरा में बाईक की रफ्तार को लेकर उपजे विवाद में युवक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। घटना की शिकायत थाने में करने के बाद परिजन मृतक को जिला अस्पताल लाए थे, जहां मौत की पुष्टि होने के बाद शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम किया गया।

ग्राम ढिगपुरा निवासी रानू राजा ने बताया कि पिछले दिनों गांव के अहिरवार परिवार ने नई बुलेट बाईक खरीदी थी। अहिरवार परिवार के सदस्य नई बाईक को गांव की गलियों में आए दिन तेज रफ्तार से दौड़ाते थे, जिसको लेकर पिछले दिनों उसके छोटे भाई मंटू राजा सहित कुछ अन्य ग्रामीणों ने अहिरवार परिवार के युवक को बाईक नियंत्रित गति से चलाने की सलाह दे दी थी। अहिरवार परिवार के सदस्य इसी बात से नाराज हो गए और शुक्रवार को जीतू अहिरवार, विशाल अहिरवार, शिवम अहिरवार, संतोष अनुरागी और नंदू अनुरागी ने एकराय होकर मंटू राजा पर हमला कर दिया। उक्त सभी लोगों ने मंटू राजा को बेरहमी से पीटा जिस कारण से उसकी मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने महाराजपुर थाने में शिकायत की और इसके बाद मृतक को जिला अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। महाराजपुर थाना पुलिस ने मामला हत्या का मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### इनका कहना है -

शुक्रवार की शाम को मामूली बात को लेकर ग्राम ढिगपुरा में दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। एक पक्ष ने महाराजपुर थाने में विवाद की रिपोर्ट की थी और इसके बाद जब शिकायतकर्ता गांव पहुंचे तो दोबारा झगड़ा हुआ साथ ही मारपीट की गई। मारपीट में घायल मंटू राजा की मौत हो गई है। 5 नामजद आरोपयों पर धारा 302 का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अमित सांघी**
**पुलिस अधीक्षक, छतरपुर**

---

# छतरपुर में तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने मासूम को कुचला



घटना स्थल पर हुई मौत, ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जप्त

**छतरपुर।** शनिवार को शहर के पन्ना रोड पर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के बाहर सड़क क्रॉस कर रहे कक्षा 9वीं के छात्र को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने कुचल दिया, जिस कारण से बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। वहीं मृतक का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के मामा पुष्पेंद्र पटेल ने बताया कि उसका 13 वर्षीय भांजा मुकेश पटेल रोज की तरह सुबह स्कूल गया था। सुबह करीब 11 बजे जब वह विद्यालय के बाहर सड़क क्रॉस कर रहा था तभी तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया, जिससे घटना स्थल पर ही मुकेश की मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त करते हुए बच्चे को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में पीएम के बाद बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस मामले में सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर को जप्त कर मामले की जांच की जा रही है।

---

# धैर्य एवं संयम से बड़े से बड़ा संकट टल जाता है: महेश कृष्ण शास्त्री

### ग्राम खैरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

**छतरपुर।** राजनगर जनपद की ग्राम पंचायत खैरी में मौनिया पार्टी द्वारा आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास महेश कृष्ण शास्त्री ने सती चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि आप जहां जा रहे है वहां आपका, आपके इष्ट का या आपके गुरु का अपमान न हो। यदि ऐसा होने की आशंका है तो फिर उस स्थान पर नहीं जाना चाहिए। चाहे वह स्थान अपने पिता का घर ही क्यों न हो। उन्होंने उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए बताया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया।



परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। इसके अलावा कथाव्यास ने महाभारत और रामायण के विभिन्न प्रसंग सुनाए। इस मौके पर गांव के पिरू पटेल, कल्लू पाल, राजेश पटेल, मोहन पटेल, हरिप्रसाद पटेल,अरविन्द पटेल, अखिलेश साहू, रामकुमार प्रजापति, लोकनाथ पटेल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

---

# अभिनेत्री जयाप्रदा और डायरेक्टर बोनी कपूर को मिला भारत गौरव सम्मान

### खजुराहो में गिरा फिल्म महोत्सव का पर्दा

**खजुराहो।** पर्यटन नगरी की पाहिल वाटिका के मुक्ताकाशी मंच पर चल रहे मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी को समर्पित नौवें अंतर्राष्ट्रीय खजुराहो फिल्म महोत्सव का शुक्रवार की शाम को गरिमामय कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। समापन सत्र के खास मेहमान मशहूर निर्माता, निर्देशक बोनी कपूर और अभिनेत्री जयाप्रदा रहीं। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री परामकृष्ण कुसमारिया और जाने-माने कथावाचक स्वामी चिन्मयानन्द भी मंचासीन रहे। समस्त अतिथियों का फिल्म महोत्सव के संयोजक राजा बुंदेला तथा अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी ने स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह के अंतिम दिवस मंचीय कार्यक्रम में दिवंगत अभिनेत्री मेलोडी क्वीन श्रीदेवी का पोर्टरेट बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वहीं कनाडा से आई मनप्रीत कौर की लाइव प्रस्तुति ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। डायरेक्टर बोनी कपूर और अभिनेत्री जयाप्रदा को आयोजन समिति की ओर से संयोजक राजा बुंदेला तथा अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी ने भारत गौरव सम्मान से नवाजा। वहीं खजुराहो एयरपोर्ट की सीआईएफ





सहायक कमांडेन्ट उर्वशी साव और छतरपुर जिले कि प्रथम महिला पुलिसकर्मी श्रीमती सावित्री सोनी जिज्जी को अभिनेत्री जयाप्रदा ने सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती सोनी ने वर्ष 1981 से 2015 तक पुलिस विभाग में सेवाएं दी हैं। अभिनेत्री जयाप्रदा ने दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में अब तक जो सफर तय किया है वह जनता के प्यार की वजह से ही है। उन्होंने कहा कि आप सभी दर्शक हम कलकारों के लिए भगवान के समान होते हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्रीदेवी के साथ बिताए गए पलों को साझा करते हुए कहा कि वे उनकी बहुत खास दोस्तों में से एक थीं। वहीं डायरेक्टर बोनी कपूर ने बताया कि वे अपने एक प्रोजेक्ट में लंदन में व्यस्त थे। चूंकि यह आयोजन उनकी पत्नी श्रीदेवी को समर्पित था इसलिए वे सारे काम छोड़कर कई विमान बदलते हुए खजुराहो पहुंचे हैं। उन्होंने मंच से खजुराहो के खाने की जमकर तारीफ की। उन्होंने आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि अभी तक उन्होंने इस आयोजन के बारे में सिर्फ सुना था लेकिन आज यहां आकर पता चला कि यह खजुराहो जैसे अद्वितीय स्थल पर होने वाला अद्भुत आयोजन है। अंत में आयोजन के संयोजक राजा बुन्देला ने सभी सहयोगियों का आभार जताया। मंचीय कार्यक्रम के बाद अभिनेत्री जयाप्रदा और बोनी कपूर ने अपने प्रशंसकों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर उन्हें ऑटोग्राफ भी दिए।

---

# मुरम की खदान धंसने से हुई युवक की मौत

### पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**सटई।** थाना क्षेत्र के ग्राम नारायणपुरा की मुरम खदान में गांव के करीब आधा दर्जन लोग बतौर मजदूर मुरम निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान खदान धंस गई और मलबे में दबने के कारण एक युवक की मौत हो गई। जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पीएम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नारायणपुरा निवासी प्रेमचंद पुत्र जगन कुशवाहा उम्र 18 वर्ष गांव के कुछ अन्य लोगों के साथ मुरम खदान में मजदूरी करने गया था। अपने साथियों के साथ प्रेमचंद मुरम निकालने में जुटा था तभी अचानक खदान धंस गई और प्रेमचंद मलबे में दब गया। साथी मजदूरों ने तत्काल ही पुलिस-प्रशासन को घटना की जानकारी देकर रेस्क्यू शुरू किया लेकिन जब तक वे प्रेमचंद को बाहर निकाल पाते तब तक उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद मर्ग कायम करते हुए शव को सटई भेजा जहां पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखने को मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पूर्व में कई बार पुलिस-प्रशासन से मुरम खदान बंद कराने की गुहार लगा चुके हैं, यदि समय रहते कार्यवाही की गई होती तो आज प्रेमचंद को अपनी जान न गंवानी पड़ती।



### इनका कहना है -

मजदूर प्रेमचंद मुरम खोदने गया था, खुदाई के दौरान खदान धंसने से उसकी मौत हुई है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**विक्रम सिंह, एएसपी, छतरपुर**

---

# शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था करें सुनिश्चित: अमित सांघी

### पुलिस अधीक्षक ने ली मासिक अपराध समीक्षा बैठक



**छतरपुर।** शनिवार को पुलिस लाइन के पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा मासिक अपराध समीक्षा बैठक आहूत की गई जिसमें जिले के समस्त थाना प्रभारियों सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसपी ने पुलिस अमले को शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी श्री सांघी ने सभी थानों के अपराध, वाहन चैकिंग अभियान सहित अन्य कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों और अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों को हत्या, लूट, चोरी और नकबजनी की घटनाओं को शीघ्र खुलासा करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एसपी ने सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने, समय निर्धारित कर प्रतिबंधित वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियंत्रण लगाने के भी निर्देश दिए। एसपी ने समस्त थाना क्षेत्रों के आदतन अपराधियों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश भी दिए। बैठक में एएसपी विक्रम सिंह, सीएसपी अमन मिश्रा, नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम, बड़ामलहरा एसडीओपी वीरेन्द्र बहादुर सिंह, खजुराहो एसडीओपी सलिल शर्मा, रक्षित निरीक्षक केन्द्र छतरपुर श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

---

# घायल अवस्था में मिला 4 दिन से लापता युवक



### शुरु हुआ इलाज, संदिग्ध मामले की जांच में जुटी पुलिस

**बड़ामलहरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम आमखेरा का रहने वाला एक युवक पिछले करीब 4 दिन से लापता था। बीते रोज उक्त युवक बाजना थाना क्षेत्र के मलार तिगड्डा पर घायल अवस्था में मिला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी है। वहीं युवक के परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर रंजिशन अपहरण कर मारपीट करने की बात कही है। युवक के भाई गोवर्धन यादव निवासी आमखेरा ने बताया कि उसका छोटा भाई रामस्वरूप यादव उम्र 25 वर्ष विगत 19 दिसंबर को बड़ामलहरा कपड़े लेने गया था। बड़ामलहरा के बाद वह सड़वा गांव के पुखरिया सरकार मन्दिर गया और यहीं से लापता हो गया था। करीब 4 दिन बाद रामस्वरूप घायल अवस्था में जंगल में पड़ा मिला है। बड़ामलहरा में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गोवर्धन यादव का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के मुलुआ यादव, भूरा यादव, मनप्यारे यादव, रामबगस यादव, भजन यादव, रूप सिंह यादव, देवेंद्र यादव और राजू यादव ने उसके भाई रामस्वरूप का अपहरण करने के बाद उसके साथ मारपीट की है और मरणासन्न अवस्था में फेका गया है। बड़ामलहरा थाना प्रभारी कमल सिंह ठाकुर का कहना है कि वे मामले की बारीकी से जांच कर रहे हैं, युवक के बयान के उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल का हुआ हार्दिक स्वागत



**रीवा** । राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल अपने दो दिवसीय प्रवास पर रीवा पहुंचे। सैनिक स्कूल हेलीपैड में राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भी भोपाल से हेलीकाप्टर द्वारा रीवा पहुंचे। राज्यपाल का रीवा पहुंचने पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह, कमिश्नर रीवा संभाग अनिल सुचारी, डीआईजी मिथिलेश शुक्ल, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने हार्दिक स्वागत किया।

### मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ का प्रांतीय अधिवेशन सीहोर में



**रीवा**। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभाग रीवा के संभागीय/जिला अध्यक्ष के.सी.त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि कर्मचारी संघ का 47 वा प्रांतीय अधिवेशन जिला मुख्यालय सीहोर में 7 जनवरी 2024 दिन रविवार को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रांतीय निकाय का निर्वाचन संपन्न किया जावेगा। अधिवेशन मे प्रांताध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियो के निर्वाचन के लिए श्री एम.पी.द्विवेदी प्रांताध्यक्ष लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ भोपाल को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन अधिकारी श्री द्विवेदी द्वारा लिखित अधिसूचना जारी करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। अधिवेशन में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शासन को मांग पत्र सौंपने पर भी विचार किया जाना है। संभागीय अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने प्रदेश के सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों से उक्त अधिवेशन में शामिल होने की अपील की है। साथ ही रीवा जिला कार्यकारिणी की अहम बैठक आज दिनांक 24 दिसंबर रविवार को दोपहर 2 बजे संघ कार्यालय साई मंदिर के बगल मे होने जा रही है जिसमे सभी को शामिल होने की अपील की गई है।

### उप मुख्यमंत्री दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

**रीवा** । उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 24 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे निज निवास से प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री समारोह के बाद 12.30 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

### उपभोक्ता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन आज

**रीवा** । प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 दिसंबर को उपभोक्ताओं के जन जागरूकता हेतु राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में किया गया है। अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने जिले के समस्त उपभोक्ता हितो हेतु सक्रिय स्वैच्छिक संगठनों, उपभोक्ताओं, लोकहित से संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं उपभोक्ता कार्य से जुड़े अधिवक्तागणों से कार्यशाला में उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### जिले में अब तक 110079 टन धान की खरीद

**रीवा** । किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले भर में गोदाम स्तर पर बनाए गए निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक दिसम्बर से धान का उपार्जन किया जा रहा है। धान का उपार्जन सहकारी समितियों द्वारा किया जा रहा है। जिले में अब तक 18248 किसानों से 110079.93 टन धान का उपार्जन किया गया है।

# राज्यपाल श्री पटेल ने मेडिकल कालेज के हीरक जयंती समारोह का किया शुभारंभ









**राज्यपाल ने उत्कृष्ट चिकित्सा विद्यार्थियों को पदक देकर किया सम्मानित**

**डॉक्टर सेवाभाव से ऐसा उपचार करें जिससे रोगी को संतोष मिले - राज्यपाल**

**रीवा को शिक्षा और मेडिकल सुविधा का हब बनाएंगे - उप मुख्यमंत्री**

**रीवा एयरपोर्ट से अगले मार्च से होंगी हवाई सेवाएं शुरू - उप मुख्यमंत्री**

श्यामशाह मेडिकल कालेज के हीरक जयंती समारोह का राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने शुभारंभ किया। राज्यपाल ने मेडिकल कालेज में गत दो वर्षों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 6 विद्यार्थियों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

रीवा

कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में राज्यपाल ने कहा कि मैं राज्यपाल के रूप में किसी कालेज के समारोह में पहली बार भाग ले रहा हूं। विन्ध्य की पावन धरा के श्यामशाह मेडिकल कालेज के हीरक जयंती समारोह में शामिल होकर मुझे हर्ष है। चिकित्सा अत्यंत पवित्र व्यवसाय है। डॉक्टरों को रोगियों की जान बचाने के कारण ईश्वर के समतुल्य माना जाता है। डॉक्टर सेवाभाव से ऐसा उपचार करें जिससे रोगी को संतोष मिले। इस मेडिकल कालेज के कई विद्यार्थियों ने देश ही नहीं विदेश में नाम कमाया है।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में देश में विकास हो रहा है और पूरी दुनिया में देश की साख बढ़ी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना विकास सहित विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी तेजी से कार्य हुए हैं। राज्यपाल जी ने कहा कि प्रदेश में 1.83 करोड़ जनजाति निवास करते हैं। इनमें से कई परिवार सिकल सेल एनीमिया से पीड़ति हैं। इनके उपचार में डॉक्टर अपना योगदान दें। प्रदेश के 20 जिलों में इस रोग को मिटाने के लिए सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। राज्यपाल जी ने मेडिकल कालेज के विद्यार्थियों से जंकफूड से दूरी बनाने और मोटे अनाज से बने भोजन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में बड़ी सफलता प्राप्त करें। साथ ही जीवन भर अपने माता-पिता तथा मातृभूमि की सेवा करें। समाज और देश को योगदान देकर अपना और देश का नाम रोशन करे।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। मेडिकल कालेज 50 सीटों से बढ़कर 150 सीटों का हो गया है। पीजी में भी सौ से अधिक सीटें हो गई हैं। रीवा में सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की स्थापना से चिकित्सा के क्षेत्र में रीवा की छवि बदल गई है। रीवा को मेडिकल तथा चिकित्सा के क्षेत्र में हब के रूप में विकसित करेंगे। सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में एंजियोग्राफी और एंजियोप्लस्टी लगातार हो रही है। यहाँ किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू होने वाली है। इस अस्पताल को चार सौ बिस्तर का अस्पताल बनाने के लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर हो गए हैं। डॉक्टरों तथा चिकित्साकर्मियों के आवास के लिए तीन आठ मंजिला टावर बनाए जाएंगे। रीवा में मार्च तक एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। तब डॉक्टरों को रीवा आने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। फोरलेन सड़कें और रेलवे का भी तेजी से विकास हुआ है। विन्ध्य क्षेत्र में अपार खनिज संपदा और पर्यटन की संभावनाएं हैं। रीवा पर्यटन, उद्योग और कृषि में बड़ी तेजी से विकास करेगा। मेडिकल कालेज हमारे क्षेत्र का गौरव है। इसने कई विशेषज्ञ डॉक्टरों का उपहार दिया है। इसके विकास के लिए हम लगातार प्रयास करते रहेंगे।

समारोह में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि चिकित्सा बहुत चुनौती भरा पेशा है। हमारे देश में डॉक्टरों की संख्या रोगियों के अनुपात में कम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान देते हुए नए मेडिकल कालेज खोलने तथा अस्पतालों के विकास के लगातार प्रयास किए जिसके कारण हमें सुपर स्पेशियलिटी जैसा हास्पिटल मिला है। मेडिकल कालेज में भी सीटें 50 से 150 पहुंच गई हैं। रीवा के डॉक्टरों ने कोरोना काल में अपना जीवन दांव पर लगाकर भी रोगियों की दिन-रात सेवा करके अदभुत काम किया। इसे चिकित्सा के क्षेत्र में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। समारोह में अतिथियों का स्वागत पूर्व डीन तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ सीबी शुक्ला ने किया। स्वागत उद्बोधन देते हुए श्री शुक्ला ने मेडिकल कालेज के विकास में योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों को याद किया। समारोह में पूर्व डीन डॉ पीसी द्विवेदी ने मेडिकल कालेज की विकास यात्रा का विवरण दिया। मेडिकल कालेज के डीन डॉ मनोज इंदुरकर ने मेडिकल कालेज के विस्तार की जानकारी दी। राज्यपाल तथा उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल कालेज के हीरक जयंती समारोह में स्मारिका का विमोचन किया। समारोह में विधायक डॉ हीरालाल अलावा, विधायक नागेन्द्र सिंह, विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर रीवा संभाग अनिल सुचारी, डीआईजी मिथिलेश शुक्ला, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन उपस्थित रहीं। समारोह में मेडिकल कालेज से शिक्षा प्राप्त कई वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ तथा बड़ी संख्या में डॉक्टर उपस्थित रहे।

## फ्लैमेक्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक को ब्लैकमेल करने वाले तथाकथित पत्रकार के विरूद्ध पुलिस में की शिकायत

रीवा !

इन दिनों गिद्ध की भांति पत्रकार गांव से लेकर शहर तक दिखाई दे रहे है, जिनका काम केवल ब्लैकमेलिंग और अवैध तरीके से वसूली करना है। जिस तरह से एक लाश को नोचने सारे गिद्ध एकत्रित हो जाते हैं वैसे ही तथाकथित पत्रकार एक झुंड बना कर सुबह होते ही शिकार की तलास में अपने-अपने मांदो से निकल पड़ते हैं। मजे की बात तो यह है ऐसे तथाकथित पत्रकारों को पत्रकारिता की चाहे एबीसीडी का ज्ञान न हो लेकिन वाटसअप ग्रुप बना कर अधिकारियों को जोड़ उन व्यक्तियों को जरुर जोड़ते है जिनको ब्लैकमेल करना होता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि अधिकारी भी वाटसअप ग्रुपों में आई खबरों को अपने संज्ञान में ले लेते है, यह बात की जांच करना उचित नहीं समझते कि वाटसअप गुरपों में चली खबर कहीं दो-चार सौ रूपये में तो नहीं चलाई गई, कहीं ऐसा तो नहीं कि तथाकथित पत्रकार अवैध वसूली किये जाने के लिए दबाव तो नहीं बना रहा? इन सब बातों से इतर अधिकारी भी संबंधित व्यक्ति पर राशन पानी लेकर चढ़ बैठते है, तब ऐसा लगता है कि अधिकारी पहले से ही इस बात का इंतजार करते रहे हों कि उनके अधीनस्थ के विरुद्ध खबर चले और वे भी बहती गंगा में डुबकी मार ले। ऐसा ही एक मामला निकल कर सामने आया है जिसमें वसूलीबाज तथाकथित पत्रकार के विरुद्ध सतना जिले के कोलगवां थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई है। मजे की बात तो यह है कि जैसे ही इस बात की भनक तथाकथित पत्रकार प्रशांत मिश्रा को लगी तो वह अपना मोबाइल नंबर बंद कर भूमिगत हो गया। सूत्रों से अनुसार संदीपन खैरा पिता भरत खैरा निवासी भरहुत नगर जिला सतना फ्लैमेक्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से पीडब्लूडी सहित अन्य शासकीय विभागो में लैब एंव कन्सलटेन्सी का काम करते हैं। उनके द्वारा कोलगवां थाना सतना में लिखित शिकायत पत्र दिया गया जिसमें आरोप लगाया गया है कि प्रशांत मिश्रा नामक कोई व्यक्ति अपने को पत्रकार बताते हुए पैसे की मांग कर रहा है। साथ ही धमकी दे रहा कि यदि पैसा नहीं दिये तो न्यूज 24*7 भोपाल नामक वाटसअप ग्रुप में खबरें चला कर बदनाम कर दिया जायेगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी धमकी को मेरे द्वारा नजर अंदाज कर दिया गया जिससे उसकी मंशा पूरी न हो सकी। अब उसके द्वारा उक्त वाटसअप ग्रुप में शासकीय विभाग के अधिकारियों को जोड़ कर बदनाम करने की नियत से तथ्यहीन अर्नगल खबरें चलाई जा रही है। शिकायतकर्ता ने थाना प्रभारी से मांग की है कि ऐसे तथाकथित पत्रकारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाही की जाये जो देश के चौथे स्तंभ कहलाने वाले पत्रकारों की छवि धूमिल कर रहे है। और साथ ही बदनाम करने की नियत से तथ्यहीन खबरें चलाकर मुझे मानसिक प्रताडन्ना पहुंचा रहे।

## राज्यपाल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के अकादमिक भवन का किया लोकार्पण





रीवा

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में 66.80 करोड़ रुपए से निर्मित अकादमिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल भी उपस्थित रहे।

श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के हीरक जयंती समारोह अवसर पर सर्व सुविधायुक्त नवनिर्मित अकादमिक भवन का राज्यपाल ने विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन कर लोकार्पण किया। उन्होंने फीता काटकर भवन को लोकार्पित करते हुए कांफ्रेंस हाल का भ्रमण भी किया तथा अकादमिक भवन में बनाए गए लेक्चर हाल, अध्ययन कक्ष तथा छात्रावास आदि के विषय में जानकारी ली। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, सांसद जनार्दन मिश्र उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में 66.80 करोड़ रुपए की लागत से प्रशासनिक भवन सहित सौ सीटेड इन्टर्न कन्या छात्रावास, सौ सीटेड इन्टर्न बालक छात्रावास तथा 250 सीटेड यूजी कन्या छात्रावास का निर्माण कराया गया है। अकादमिक भवन के बन जाने से यहाँ अध्ययनरत छात्रों को अध्ययन की सुविधा तो मिलेगी ही साथ ही सर्व सुविधायुक्त छात्रावास भवनों के बन जाने से छात्र-छात्राओं के रहने की उत्तम सुविधा भी मिलेगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर रीवा संभाग अनिल सुचारी, डीआईजी मिथिलेश शुक्ल, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, डीन श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय डॉ मनोज इंदुरकर सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर के निर्देश पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति विलायतकला की हुई जांच

**अमानक 96 क्विंटल धान का किया गया था आनलाइन रिजेक्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को कड़ी परिश्रम से उगाई धान का वाजिब समर्थन मूल्य दिलाने संकल्पित कलेक्टर अवि प्रसाद को बड़वारा उपार्जन केन्द्र में अमानक धान की खरीदी किये जाने की जानकारी प्राप्त होते ही कलेक्टर द्वारा मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर जिला आपूर्ति अधिकारी खाद्य विभाग को प्रकरण की जाँच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा शिकायत की जांच क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी यज्ञदत्त त्रिपाठी द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति विलायतकला के खरीदी प्रभारी लखन पटेल एवं अन्य कृषक उपस्थिति में जांच के दौरान मौके पर काफी अनियमितताएं पाईं गई। जांच दौरान कृषक श्रीमति मधुलता राय पत्नी दुर्गा प्रसाद राय द्वारा भतीजे मयंक कुमार के माध्यम से लगभग 240 बोरियों में लगभग 96.00 क्विंटल धान विक्रय हेतु भेजी गई जो अमानक पाई गई। उक्त धान की प्रविष्टि ऑनलाइन नहीं पाई गई तथा सर्वेयर द्वारा अमानक धान को ऑनलाइन रिजेक्ट किया जाना पाया गया।

जांच दौरान गोदाम के अंदर पूर्व से क्रय धान का रेण्डम आधार पर परीक्षण सर्वेयर के माध्यम से कराया गया जो एफएक्यू पाई गई। परिसर में पूर्व से क्रय आर.टू.टी. धान का परीक्षण करने पर भी धान एफएक्यू पाई गई। धान उपार्जन केन्द्र में अमानक 96.00 क्विंटल धान को समक्ष में ऑनलाइन रिजेक्ट कराया गया। अमानक धान की ऑनलाईन खरीदी की प्रविष्टि नहीं पाई गई पूर्व से क्रय अथवा भण्डारित धान मानक पाई गई। इस तरह उपार्जन केन्द्र में अमानक धान क्रय करना नहीं पाया गया।

### फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**विजयराघवगढ़**। गांजा परिवहन में संलिप्त स्थाई वारंटी को विजयराघवगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 6 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा है, जिसे न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ठाकुर द्वारा गठित टीम ने आरोपी को कैमोर से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017 में कटनी के बरगवां निवासी पवन कोल पिता चमन कोल उम्र 25 साल को पकड़ा था जो की दो पहिया वाहन से गांजा का परिवहन कर रहा था। आरोपी के कब्जे से एक किलो सात सौ पचास ग्राम गांजा बरामद करने के साथ ही उसे न्यायालय में पेश किया गया था, जिसके आद आरोपी जेल चला गया था। जमानत से रिहा होने के बाद आरोपी पेशी में नहीं जा रहा था। जिसके कारण न्यायालय द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया गया था। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस द्वारा कई बार प्रयास किये गये लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही थी। पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक प्रेमशंकर पटेल, हरिओम सिंह, श्याम कोल, विनोद आदि शामिल रहे।

### खो खो प्रतियोगिता में बरही की टीम बनी विजेता



शासकीय महाविद्यालय बरही में प्राचार्य प्रो. आर .के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं क्रीडा अधिकारी पुष्पेंद्र तिवारी के निर्देशन में जिला स्तरीय महिला खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता मे जिले के बरही, विजराघवगढ़, बडवारा, श्रमधाम महाविद्यालय कैमोर, कन्या महाविद्यालय एवं तिलक महविद्यालय कटनी सहित कुल 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय बरही की टीम विजेता एवं शासकीय महाविद्यालय बड़वारा की टीम उपविजेता रही। महिला खो खो प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, विभिन्न जनप्रतिनिधि, अभिभावक, डॉ.एस.एस. धुर्वे, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ.आर. जी. सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. सुनीता सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. नीलम चतुर्वेदी आदि स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## कलेक्टर के प्रयासों से जिले के 27 फीसदी कुपोषित बच्चे हुए सुपोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने हेतु चलाये जा रहे अभियान की सतत समीक्षा और निगरानी की वजह से जिले मे कुपोषित बच्चों की संख्या में आशातीत कमी आई है।

माह सितंबर 2023 में जहां गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या 211 थी वह संख्या अब घटकर मात्र 154 रह गई है। इस तरह तीन माह मे 57 कुपोषित बच्चों की संख्या में कमी आई है। यह सब कलेक्टर अवि प्रसाद के प्रयासों से ही संभव हो सका है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन मे माह जनवरी 2024 तक समस्त गंभीर कुपोषित बच्चों को गोदकर्ता संस्था से जोडकर पोषण किट प्रदान की जाकर अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है।

भारत सरकार (महिला एवं बाल विकास विभाग) एवं संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल के निर्देश के पालन में जिले के 1712 आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक माह 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का वजन की माप की कार्यवाही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक माह 11 से 20 तारीख तक किया जाता है ।